

रामनगर क्षेत्र में हर्षोल्लास से मना ईद-उल-फितर का त्यौहार

अल्लाह की पाक इबादत कर देश दुनिया के अमन चैन की मांगी दुआएं

नवभारत न्यूज

रामनगर 21 मार्च, रमजान के मुकद्दस महीने की समाप्ति सहरी (सुबह) से इफ्तार (शाम) तक इस्लामिक धर्मावलंबियों का बिना कुछ खाये पिये रोजे (उपवास) रखकर परवरदिगार की पाक इबादत करते हुए, अंतिम दिन 30 दिनों बाद शव्वाल महीने की शुरुआत में सुबह मस्जिदों में सामूहिक नमाज से प्रारम्भ हुआ।

इस्लामिक कैलेंडर का नौवां महीना रमजान जिसके बारे में कहा जाता है कि इसी महीने में कुरान शरीफ नाजिल हुई थी और ईद जो कि रमजान के एक महीने बाद उपवासो की समाप्ति पर देशों दुनियां में प्रेम, अमन, शांति, भाईचारे के विचारों व भावनाओं के साथ हर्षो उल्लास पूर्वक ईद-उल फितर (मीठी ईद) के रूप में मनाई जा रही है जिसमें चांद के दीदार होने का बड़ा महत्व है,सऊदी अरब में जहां 20 मार्च को चांद दिखने के उपरांत ईद मनाई गई वहीं भारत में 21 मार्च (शनिवार) को मनाई गई,जिसके लिए क्षेत्र की ईदगाह व मस्जिदों को विशेष तौर से सजाया गया , नगर की मदीना मस्जिद व ईदगाह में मुस्लिम समुदाय के बच्चे, बूड़े,जवान,व महिलाये पवित्रता के साथ, नए कपड़े पहनकर, आसमानी शहंशाह रब की रबायतो की इबादत करते हुए ,एक दूसरे को ईद की बधाइयां दे लगे, मिठाइयों, सेवइयों से मुंह मीठा कराया , वहीं फकीरों, गरीबो व जरूरतमंदों ,को दान अन्न ,भोजन वस्त्र, नकदी ,रिश्तेदारों, मित्रों को नए कपड़े ,उपहार देकर ईद की खुशियां बांटी ,शव्वाल महीने के शुभारंभ के साथ नगर व आसपास के धर्मावलंबियों द्वारा ईद का जश्न शांति,व उल्लास पूर्वक मनाया गया है,पवित्र हदीस के अनुसार कहा जाता है कि रमजान के 30 दिनों के रोजे के बाद शव्वाल महीने में 6 दिनों का स्वैच्छिक रोजा रखने वाले को पूरे साल रोजा रखने का पुण्य फल प्राप्त होता है।

मैहर ईदगाह में अदा हुई ईद-उल-फितर की नमाज



मैहर। मैहर में आज ईद-उल-फितर के मुबारक मौके पर ईदगाह में मुस्लिम समाज के लोगों ने पूरे अकीदत और भाईचारे के साथ नमाज अदा की। सुबह से ही ईदगाह परिसर में नमाजियों की भारी भीड़ उमड़ी, जहां हर शख्स इबादत में लीन नजर आया। नमाज के दौरान अमन, शांति, खुशहाली और देश की तरक्की के लिए खास दुआएं मांगी गईं। नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद मुबारक कहा और आपसी प्रेम, सौहार्द व एकता का संदेश दिया। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, हर किसी में ईद की खुशी साफ झलक रही थी। ईद का यह पावन पर्व एक बार फिर मैहर में गंगा-जमुनी तहजीब और भाईचारे की खूबसूरत मिसाल बनकर सामने आया। वहीं, पूरे आयोजन के दौरान प्रशासन द्वारा सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हुआ।

सभागंज पथरहटा से मां शारदा धाम तक निकलेगी 51 मीटर चुनरी यात्रा

बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे

नवभारत न्यूज

अमदरा 21 मार्च, नवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर क्षेत्र में आस्था और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। शिवशक्ति पीठ नवदुर्गा मंदिर, सभागंज पथरहटा से मां शारदे धाम मैहर तक 51 मीटर लंबी भव्य चुनरी यात्रा 23 मार्च को निकाली जाएगी। इस धार्मिक यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर मां के जयकारों के साथ पदयात्रा करेंगे।

यात्रा के दौरान भक्तजन सिर पर चुनरी लेकर मां शारदा के दर्शन हेतु प्रस्थान करेंगे और विधि-विधान के साथ यह चुनरी माँ शारदा मंदिर मैहर में अर्पित की जाएगी। मां शारदा धाम देश के प्रमुख शक्तिपीठों में से एक माना जाता है, जहां नवरात्रि के समय विशेष रूप से श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। आयोजकों ने बताया कि यात्रा में भजन-कीर्तन, जयकारों और धार्मिक उत्साह के साथ भक्तगण पूरे मार्ग में वातावरण को भक्तिमय बनाएंगे। सुरक्षा एवं व्यवस्था के लिए भी विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं।

इस चुनरी यात्रा को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना जताई जा रही है।

जोगनी माता मंदिर में चल रही श्रीमद् देवी भागवत पुराण

नवभारत न्यूज

कोठी 21 मार्च, नवरात्रि के पावन पर्व पर कोठी के जोगनी माता मंदिर प्रांगण पर श्रीमद् देवी भागवत पुराण की कथा का संगीतमय आयोजन पिछले 19 मार्च से चल रहा है।

पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी कोठी तथा आसपास के क्षेत्र के समस्त भगवत प्रेमी जनों के सहयोग से नवरात्रि के प्रथम दिवस 19 मार्च को विशाल कलश यात्रा के साथ कथा व्यास श्री रामेश्वरानंद सरस्वती के मुखारविंद से अद्भुत आनंदमई सरस संगीतमय श्रीमद् देवी भागवत पुराण कथा का वर्णन किया जा रहा है आज कथा प्रसंग के दौरान भगवान के जन्म एवं उत्पत्ति का भावपूर्ण वर्णन कथा में हो रहा है। कथा व्यास जी ने कथा का सरस संगीतमय वर्णन करते हुए बताया कि भगवान का जन्म ब्रह्मा विष्णु महेश सभी का सृष्टि के आरंभ में मां दुर्गा आदि शक्ति के गर्भ से हुआ था देवी पुराण के अनुसार शक्ति तत्व से ही सृष्टि की उत्पत्ति हुई थी देवी पुराण के अनुसार सभी देव स्वयंभू नहीं बल्कि नासवान है जिनका जन्म और मृत्यु देवी की इच्छा से ही है इन तीनों देवों का उत्पत्ति का मुख्य कारण शक्ति का प्रकृति रूप है जिसमें काल ब्रह्मा द्वारा बीज स्थापित करने से त्रिदेव उत्पन्न हुए पुराण के तीसरे स्कंद के अनुसार परम ब्रह्म रूपी सदाशिव काल ने ही माता दुर्गा आदिशक्ति के साथ मिलकर सृष्टि की रचना की और काल ब्रह्म और मां दुर्गा शक्ति के ही संयोग से त्रिदेव की उत्पत्ति हुई ब्रह्मा जी शक्ति के रजोगुण से उत्पन्न हुए वहीं विष्णु जी शक्ति के सत्वमय गुण से उत्पन्न हुए तो शिवजी शक्ति के तमोगुण से उत्पन्न हुए यह उत्पत्ति पुराणों के अनुसार शिवलोक जो शाश्वत है या की मां दुर्गा के गर्भ में है साथ ही देवी पुराण में यह भी वर्णित है कि परम ब्रह्म सदाशिव ने शक्ति के साथ ही मिलकर काशी क्षेत्र का निर्माण किया था और शक्ति से शंकर शिव जी का जन्म हुआ था कथा चलती रही और कथा का भाव पूर्ण प्रसंग लोग सुनते रहे, आज कथा में भगवान जन्म की कथा का श्रवण करने के लिए काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे महिला पुरुष बच्चे बुजुर्ग राजनीतिक सामाजिक सभी लोगों ने कथा स्थल पर पहुंचकर कथा का श्रवण किया सतना के विंध्य चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष सतीश सुखेजा अपनी टीम के साथ पहुंचकर कथा का श्रवण किया उनके साथ मंत्री हरिओम गुप्ता सदस्य सहेंद्र सिंह उमेश सिंह प्रवीण सोनी सत्येंद्र सिंह चौहान सहित अन्य लोगों ने पहुंचकर कथा का रसपान किया यह आयोजन 25 मार्च तक अनवरत चलता रहेगा 26 मार्च को कथा प्रांगण जोगनी माता मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा आयोजन समिति ने सभी क्षेत्रवासियों से कथा श्रवण कर भंडारा प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित करने का आग्रह किया है।

बैंक की संवेदनहीनता : 3 माह के मासूम को गोद में लिए दो हफ्ते से भटक रही महिला, नहीं हुई सुनवाई

नवभारत न्यूज

मैहर 21 मार्च, एक ओर सरकार डिजिटल इंडिया और सुलभ बैंकिंग के दावे करती है, वहीं दूसरी ओर मैहर स्थित बैंक ऑफ इंडिया की शाखा से मानवता को शर्मसार करने वाली तस्वीर सामने आई है।

यहां ग्राम नकतरा निवासी एक महिला, संगम कोल, पिछले 15 दिनों से अपने महज तीन महीने के दुधमुंहे बच्चे को गोद में लेकर बैंक के चक्कर काट रही है, लेकिन बैंक प्रबंधन उसकी समस्या सनने को तैयार नहीं है।

सीएम हेल्पलाइन का लिया सहारा- बैंक की कार्यप्रणाली से तंग आकर और अपनी गुहार अनसुनी होते देख, अंतत: महिला ने शासन के सीएम हेल्पलाइन (181) पर शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत क्रमांक 37359921 के माध्यम से उसने बैंक प्रबंधन की लापरवाही को उजागर किया है। महिला का कहना है कि उसे पैसों की सख्त जरूरत है, लेकिन बैंक उसे परेशान कर रहा है।

RBI के नियमों की सरेआम उड़ाई जा रही हैं धज्जियां स्थानीय कर्मचारियों पर आरोप- ग्राहकों का आरोप है कि बैंक ऑफ इंडिया मैहर की शाखा में पदस्थ कुछ स्थानीय कर्मचारी आरबीआई (RBI) के नियमों को ताक पर रखकर काम कर रहे हैं। दूर-दराज के ग्रामीण इलाकों से आने वाले गरीब और अनपढ़ ग्राहकों के साथ अभद्र व्यवहार और उनके काम में जानबूझकर देरी करना यहां की नियति बन चुकी है। ग्रामीणों का कहना है कि बैंक में पारदर्शिता का अभाव है, जिससे बैंक की छवि धूमिल हो रही है। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक मां को अपने छोटे बच्चे के साथ बैंकिंग सेवा के लिए दो हफ्ते तक भटकना पड़े। उच्चाधिकारियों को इस पर संज्ञान लेना चाहिए।

पैसे निकालने के लिए दर-दर भटकने को मजबूर

पीड़ित महिला संगम कोल ने बताया कि उसे अपने ही खाते से पैसे निकालने के लिए बैंक द्वारा बार-बार दौड़ाया जा रहा है। कड़कड़ाती धूप और भीड़ के बीच अपने मासूम बच्चे को लेकर वह रोज बैंक आती है, इस उम्मीद में कि आज उसका काम हो जाएगा, लेकिन शाम को उसे मायूस होकर ही लौटना प?ता है। बैंक कर्मचारियों का व्यवहार इतना उदासीन है कि घंटों लाइन में खड़े रहने के बाद भी कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया जाता।

बैंक की साख पर लग रहा बट्टा

बैंक में स्थानीय कर्मचारियों की मनमानी के कारण ग्राहकों का भरोसा डगमगा रहा है। नियम विरुद्ध कार्यप्रणाली और मानवीय संवेदनाओं की कमी ने बैंक ऑफ इंडिया की साख पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब देखना यह होगा कि सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत के बाद प्रशासन इस पीड़ित महिला को न्याय दिला पाता है या नहीं।

ईदगाह में नमाज अदा कर शान्तिपूर्ण तरीके से मनाई गई ईद

▶ देश के अमन चैन के लिए मांगी गई दुआ

नवभारत न्यूज

नागौद 21 मार्च, नागौद के ईदगाह में मुस्लिम के हाफिज मुफ्ती अमन मिस्बाही द्वारा सुबह 9 बजे ईद की नमाज पढ़ाई गई ।

इस दौरान देश में शांति एवं आपसी भाईचारे के लिए दुआ मांगी गई हिंदू मुस्लिम भाइयों ने मिष्ठान खिलाकर गले मिले इस दौरान व्यवस्थाओं का जायजा लेने थाना प्रभारी अशोक पांडेय नायब तहसीलदार यादवेंद्र मनी त्रिपाठी सहित पुलिस बल मौजूद रहे, वहीं मुस्लिम समुदाय को खास त्यौहार ईद की मुबारक बाद देने के लिए जिला महामंत्री विनीत सिंह विनुन भैया ,ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र सिंह, जिला अध्यक्ष कांग्रेस माइनॉरिटी फिरोज आलम एडवोकेट ,मुखतार अहमद सिद्दीकी, प्रदेश सचिव शिवम सिंह हिलौंधा ,विधानसभा अध्यक्ष अच्छत सिंह, रमेश महाराज ,उपाध्यक्ष सत्तू कुशवाहा ,अनवर सिद्दीकी सदर ,अन्नू मंसूरी ,सदर शमीम बाबा ,सदर हसमत, सदर डॉक्टर इकबाल, नागौद विधानसभा अध्यक्ष सोशल मीडिया लतीफ खान अंजू ,धर्मेंद्र रजक , रियाज अहमद गोलू ,विनोद कुशवाहा, प्रदेश कार्डिनेटर कलीम बउआ, सदर मोहम्मद ,हामिद एम एच डी आशीष कपाड़िया, ब्लॉक अध्यक्ष सेवादल गुलाम गौस एडवोकेट, के पी पाल, रजा सिद्दीकी, फिरोज सिद्दीकी माही ,अयान सिमरान अली अ?लस सिद्दीकी। मोहमद इस्लाम ,कलीम अहमद, इश्ताक अनिल सोनी सहित सभी लोग मौजूद रहे।

कोठी में मनाया गया ईद का पर्व

कोठी। नगर में ईद का पावन पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । मुस्लिम धर्मावलंबियों के विशेष पर्व के अवसर पर कोठी के मुस्लिम समुदाय के लोगों ने हिंदू मुस्लिम एकता और भाईचारा की मिसाल कायम की। आपसी एकता सदैव स्थापित रहे इसकी प्रार्थना अल्लाह से की साथ ही देश में अमन चैन की दुआ मांगी एक दूसरे के गले लगाते हुए नगर में आपसी भाईचारे का संदेश दिया साथ ही नमाज अदा की गई कोठी पुलिस ने भी बड़ी तत्परता के साथ इस दौरान मुस्तैद रही और कोठी थाना प्रभारी संतोष तिवारी अपने दलबल के साथ ईद के पर्व में शामिल रहे उन्होंने हाजी मोहम्मद इकराम को माला पहनाकर ईद की बधाई भी दी इस दौरान कोठी के मुस्लिम समुदाय के लोग काफी संख्या में मौजूद रहे।

जुगराज ने युवाओं को सौंपी जुम्मेदारी

सतना/ उचेहरा 21 मार्च, कुछ दिनों पहले ताम्रकार समाज के सभी समितियों का सर्व सहमति से निर्वाचन हुआ था उसी कड़ी में समाज को नई दिशा देने नगर के समाज सेवियों को जुम्मेदारी सौंपी जा रही है ।समाज अध्यक्ष भरतलाल ताम्रकार के नेतृव में समाज की कार्यकारणी का गठन उपरांत महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती अंजना ताम्रकार ने अपनी सशक्त टीम का गठन किया है उसी कड़ी में नव युवक मंडल अध्यक्ष जुगराज ताम्रकार ने भी उत्साही नव युवकों को अपनी टीम में जगह दी। इस मौके पर प्रदेश सहित जिले के पदाधिकारी भी मौजूद रहे । ज्ञात हो की पूर्व समाज अध्यक्ष राजेन्द्र ताम्रकार (भौंथे भाई) ने प्रमाण पत्र सौप नव युवको को अपनी जिम्मेदारी का अहसास कराया।

हिंदू नव वर्ष पर प्याऊ का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

उचेहरा 21 मार्च, हिंदू नव वर्ष के अवसर पर शिव शक्ति आश्रम क्षीर सागर केंद्र पब्लिक टेस्ट गौशाला पिथौराबाद के महंत रामनरेश द्वारा मुक्तिधाम धर्मशाला अतरवेदिया खुर्द एवं यात्री प्रतीक्षालय बाउली चौराहा उचेहरा में निशुल्क प्याऊ का शुभारंभ किया ।

इस सेवा का उद्देश्य राहगीरों आमजन को गर्मी में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना है क्षेत्र के लोगों का भरपूर सहयोग मिल रहा है आयोजन में राजकुमार सिंह ,सत्यम कुशवाहा, कमलेश भाई, अमित हरबोल, विपिन तपसी, धर्मेंद्र गुप्ता ,अमित गुप्ता ,बाबू खान, अमित लढ़या, सिकंदर खान एवं अन्य समस्त मित्र मंडली मौजूद रहे।

बिरहुली रेलवे ब्रिज के निर्माण में देरी से जनता की बढ़ी परेशानी

नवभारत न्यूज

कोटर 21 मार्च, सतना - सेमरिया मार्ग पर बिरहुली रेलवे फाटक पर कछुआ चाल से ब्रिज के निर्माण कार्य आम जनता की परेशानी बढ़ती जा रही है।

सतना से सेमरिया जाने और आने वाले वाहनों के लिए बिरसिंहपुर मार्ग के नैना सगमनिया ग्रामीण सड़क से डायवर्शन दिया गया है, ओभरलोड हैवी ट्राफिक के कारण नैना सगमनिया मार्ग खस्ताहाल हो गया है, सेमरिया एवं बिरसिंहपुर मार्ग के राहगीरों को खस्ताहाल सड़क से नैना सगमनिया के रास्ते करना पड़ता है लगभग 5 किलोमीटर का अतिरिक्त भ्रमण , जिससे वाहनों में डीजल - पेट्रोल के अलावा लगता है अतिरिक्त समय , रसूखदार संविदाकार के सामने नियम कानून बौने साबित हो रहे हैं।

जवारे स्थापना के साथ मां की पूजा और भगत संध्या का आयोजन

▶ पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती माधुरी त्रिपाठी और पार्षद शिवांक त्रिपाठी के निवास पर नौ दिवसीय कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

रामपुर बाघेलान 21 मार्च, नगर परिषद के पार्षद शिवांक त्रिपाठी के निवास पर चैत नवरात्रि के नौ दिवसीय जवारे स्थापना के साथ भगत संध्या का आयोजन प्रतिदिन किया जा रहा है।



इस कार्यक्रम में दूर दराज, ग्रामीण क्षेत्र के माता रानी की भगत संध्या में पहुंच कर लोगों ने बढ़ चढ़कर कर हिस्सा लिया। नगर के इस बड़े आयोजन में युवाओं ने आगे बढ़कर अपनी पहचान दिखाई। इस कार्यक्रम में भाजपा मंडल उपाध्यक्ष विजयनाथ त्रिपाठी, डॉ केशव त्रिपाठी,संजय निगम, चंद्र शेखर मिश्र, शैलेंद्र निगम, सोनू सिंह, दिनेश त्रिपाठी, अंबू सिंह, कुबेर ताम्रकार, शिवांक त्रिपाठी,सोनू शर्मा, सुंदर केसरवानी, शिव राज अवधिया, शंकर सोनी, आकाश सेन, रामा अवधिया, अरुण शर्मा, शौखी ताम्रकार, सूरज सोनी, संजय सेन सहित सैकड़ों लोगों उपस्थित रहे।

सौ दिव्य कलशों के साथ निकली श्रीमद भागवत महापुराण की भव्य शोभा यात्रा

नवभारत न्यूज

अमदरा 21 मार्च, क्षेत्र के जन कल्याण हेतु सिद्ध सन्यासी आश्रम लिजी बंध उदयपुर माई शारदे के दरबार मे भव्य श्रीमद भागवत महापुराण की कथा का आयोजन उदयपुर ,सहिलरा, हरदुआ ,नकतरा ,पौड़ी पटेहरा और अरकांडी मैहर जिला वासियों के सहयोग किया जा रहा है।



कथा के प्रारम्भ के पूर्व सौ दिव्य कलशों के साथ सैकड़ो लोगों की उपस्थिति में शोभा यात्रा निकाली गई। कथा की शोभायात्रा का आयोजन इतना भव्य था कि लोगों ने अपने घरों के सामने दीप जलाकर पुष्प वर्षा कर भागवत की शोभायात्रा का स्वागत किया। 19 मार्च से 26 मार्च तक तक भव्य कथा का वाचन श्रीधाम वृंदावन से आए श्री राजनंदन महाराज के मुखारविंद से किया जाना है। इसके पश्चात 27 मार्च को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।मैहर मां शारदा के दिव्य दरबार में कथा के आयोजन से क्षेत्र वासियो के बीच खासा उत्साह दिखा। कथा में अधिक से अधिक संख्या में पहुँचकर अपने जीवन को सफल बनाते हुए आयोजन को सार्थक बनाने की बात कही है। उन्होंने कहा कि यह श्रीमद भागवत कथा है यह हमें अपने कर्म का बोध कराती है जीवन बिना सत्कर्म के सफल नही हो सकता इसलिए इस कथा का श्रवण अधिक से अधिक लोगो को करना चाहिए जिससे हमें अपने सार्थक जीवन के लिए कैसे कर्मो को महत्व देना चाहिए यह सीखने की कथा श्रीमद भागवत से प्राप्त होती है। श्रीमद् भागवत कथा के शोभायात्रा में काफी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

कटरा में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजन

नवभारत न्यूज

कोठी 21 नवंबर, नगर के कटरा मोहल्ला में स्थित सूर्यवंशी महाराज आश्रम में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है।

श्री बाघम्बर नाथ महादेव एवं गुरु कृपा से पिछले 19 मार्च को कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ हुई कथा व्यास पं. अरुण महाराज के मुखारविंद से कथा का रसपान लोगों को श्रवण करने को प्राप्त हो रहा है। आज कथा के तीसरे दिन काफी संख्या में लोग कथा श्रवण करने के लिए पहुंचे कथा के चतुर्थ दिवस रविवार को श्री कृष्ण जन्म की कथा का वर्णन किया जाएगा यह आयोजन 26 मार्च को विश्राम होगा एवं 27 मार्च को कन्या भोजन के साथ भंडारा प्रसाद पारित किया जाएगा बरम बाबा आश्रम सोनोर की समिति एवं भक्त जनों ने समस्त भागवत प्रेमी जनों से कथा श्रवण कर भंडारा प्रसाद ग्रहण करने का आग्रह किया।

पूर्व विधायक यादवेंद्र सिंह को श्रद्धांजलि दी

नागौद। पूर्व विधायक यादवेन्द्र सिंह का विगत दिवस निधन होने पर क्षेत्र में शोक व्याप्त है लोग शोक संवेदना जता कर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि श्री सिंह क्षेत्र के गरीबों वंचितों की सेवा भाव रखते हुए पूरी जनता की समस्याओं का निवारण करना उनकी एक जिद थी एवं असंभव को संभव करने की क्षमता कर रखने वाले ऐसे नेता थे जो आज इस दुनिया से विदा हो गए,भगवान दिवंगत आत्मा को शाति प्रदान करे एवं परिवार को इस दुख को सहन करने की क्षमता प्रदान करे। शोक व्यक्त करने वालों में श्री निवास पाण्डे , अरूण मिश्र, दीनदयाल मिश्रा, ओम प्रकाश लोधी, सेमरवारा अजीत सिंह खमरेही, भारती पाठक, राजेश कुमार त्रिपाठी, श्री पाल जैन, राजू सिन्धी, राजू सोनी ने दु:ख व्यक्त किया है।

भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित

नवभारत न्यूज

चित्रकूट21 मार्च जनपद का पुरस्कार वितरण कार्यक्रम गायत्री शक्तिपीठ चित्रकूट मे डॉ शिशिर पाण्डेय कुलपति ज विवि के आतिथ्य और चित्रकूट के डी आई ओ एस की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुआ।

डॉ रामनारायण त्रिपाठी संचालक गायत्री शक्तिपीठ ने कार्यक्रम की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए बताया की गायत्री परिवार के हर आयोजन का एक ही प्रयोजन है युग निर्माणए युग निर्माण से अर्थ व्यक्ति परिवार समाज का मानवीय उत्कर्ष का प्रयास। इसी कड़ी मे विद्यालयों मे शिक्षा के माध्यम से छात्र छात्राओं का व्यक्तित्व निर्माण पूरे देश मे एक करोड़ से अधिक छात्र परीक्षा मे भाग लेते है। मुख्य अतिथि डॉ पाण्डेय जी ने कहा गायत्री परिवार ने संस्कृति और संस्कारों के संरक्षण मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गुरुदेव पं श्रीराम शर्मा जी भविष्य दृष्टा थे उन्होंने भारत का भविष्य देख कर गायत्री परिवार के कार्यक्रम चलाएं जो अभिनंदनीय हैण्ण। डी आई ओ एस ने कहा गायत्री परिवार संस्कृति संरक्षण हेतु समर्पित संगठन है ऐसे आयोजनों से जागरूक ता आती है शिक्षा विभाग के अधिकारी के नाते हम विश्वास दिलाते है की विभाग ऐसे श्रेष्ठ कार्यो मे सहयोगी रहेगाण् भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के जिला संयोजक जीतेन्द्र सिंह ने जिले मे आयोजित परीक्षा की योजना प्रस्तुत की तथा जिले के सभी प्रचार्यो से आग्रह किया की इस महत्वपूर्ण परीक्षा मे सभी सहयोग करें। जिला संघचालक रामाधार जी ने पंच परिवर्तन का विषय रखा कहा गायत्री परिवार इन परिवर्तनो को सहज संचालित कर रहा मुख्य रूप से उप जोन समन्वयक रामजीत पाण्डेय जिला कार्यवाह अतुल सिंह जिला समन्वयक भवनिदीन यादव संरक्षक विजय चंद गुप्ता हरिमोहन सिंह बछ रन विवेक श्रीवास्तव के के त्रिपाठी अनूप तिवारी प्रमोद पटेल दिनेश यादव सुधा तिवारी पुष्पा शमा रेखा पटेल निधि पाण्डेयशिव वरन त्रिपाठी पाण्डेय प्राचार्य भौरी सिद्धार्थ रायरामशरण शास्त्री शिवम् मिश्रा लालमन सिंह रामलखन केसरवानी सोहनलाल नामदेव आदि महत्वपूर्ण कार्यकर्तृता उपस्थित रहें .